DATE: 18/01/2026

DAINIK BHASKAR, PAGE-1, SURAT

# अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो में 3 साल में चौगुने यात्री हुए

अहमदाबाद। पिछले 3 साल में अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो से रोज यात्रा करने वाले लोगों की संख्या 4 गुना बढ़ी है। यह रोज 35 हजार यात्री से बढ़कर 1.5 लाख हो गई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर 2022 और दिसंबर 2025 के बीच मेट्रो से 11.5 करोड़ से ज्यादा यात्रियों ने यात्रा की। अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो 68 किमी तक फैली है, जिसमें 53 स्टेशन हैं।